एसएमएस स्टेडियम में लोकार्पण व खिलाड़ी सम्मान समारोह

चर्चा में क्यों?

29 मई, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लोकार्पण एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह में राजस्थान हाई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, नवीनीकृत सिंथेटिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ और बैडमिंटन इंडोर हॉल का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में राजस्थान के पदक विजेताओं तथा एशियन गेम्स, 2022 और कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।
- इसके अलावा समारोह में मुख्यमंत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अनुदान राशि देने के लिये ऑनलाइन पोर्टल को लॉन्च किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 229 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न पॉलिसी के तहत राजकीय सेवाओं में नियुक्तियाँ दी गई हैं, साथ ही खिलाड़ियों के लिये 2 प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है।
- उन्होंने बताया कि ओलंपिक, पैरा-ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेताओं के साथ अर्जुन और द्रोणाचार्य अवार्डीज को स्पोर्ट्स पर्सन पेंशन दी जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक पदक विजेताओं को 25-25 बीघा निःशुल्क भूमि आवंटित करने तथा गुरु वशिष्ठ और महाराणा प्रताप अवार्डीज को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाने की घोषणा भी की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inaugration-and-player-felicitation-ceremony-at-sms-stadium